IT

**राजस्थान सरकार**
**सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग**
**आई.टी. भवन, योजना भवन, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर–302005**

क्रमांक :–एफ.2(6062)/डी.ओ.आई.टी./संस्था/14/01573/2021 जयपुर, दिनांक 25/03/2021

**अनापत्ति प्रमाण पत्र**

श्री दामोदर प्रसाद मीना, सूचना सहायक, कार्यालय राजस्थान राज्य प्रदूषण मंडल, जयपुर ने अग्रिम अध्ययन हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किये जाने का प्रार्थना पत्र प्रेषित किया है। श्री दामोदर प्रसाद मीना, सूचना सहायक को जेईसीआरसी विश्वविद्यालय, जयपुर से दूरस्थ शिक्षा के माध्यम एम.सी.ए. सत्र 2020–21 अग्रिम अध्ययन में सम्मिलित होने की स्थिति में इस विभाग को कोई आपत्ति नहीं है।

उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति उक्त सूचना सहायक को राजस्थान सिविल सेवाऐं (आचरण) नियम, 1971 के नियम–17 की निम्नलिखित शर्तो के अध्यधीन प्रदान की जाती हैः–

1. शिक्षण संस्थान में अध्ययन का समय यदि कार्यालय समय के समान ही हो तो अध्ययन स्वीकृति स्वतः ही समाप्त मानी जाएगी।
2. राजसेवक का पदस्थापन अध्ययन स्वीकृति संस्थान के मुख्यालय से परिवर्तन/स्थानान्तरित हो जाता है तो अध्ययन स्वीकृति स्वतः ही समाप्त हो जायेगी।
3. विभाग की पूर्वानुमति प्राप्त किये बगैर अध्ययन चालू रखने एवं परीक्षा में सम्मिलित होने वाले कर्मचारियों के विरूद्व नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।
4. जिन कर्मचारियों को इस वर्ष उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु अथवा अध्ययन जारी रखने एवं परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति दी जायेगी उन्हे परीक्षा दिवसों के अतिरिक्त अन्य कोई अवकाश स्वीकृत नही किया जायेगा।
5. अध्ययन स्वीकृति दिये जाने से अधिकारी/कर्मचारी को किसी स्थान विशेष पर पदस्थापन निरन्तर रखने का अधिकारी नहीं मिल पायेगा और उसका स्थानान्तरण किया जा सकता है।
6. अध्ययन से राजसेवक दैनिक राजकीय कार्य सम्पादन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं करेगा, अन्यथा स्वीकृति समाप्त कर दी जाएगी।
7. अध्ययन वर्ष मे अधिकारी/कर्मचारी की उपस्थिति का प्रतिशत कम होने के लिये सरकार/विभाग किसी प्रकार से जिम्मेदार नही होगा।
8. परीक्षा की तैयारी हेतु किसी प्रकार का अवकाश स्वीकृत नहीं किया जायेगा।
9. प्रशासनिक कारणोवश अध्ययन स्वीकृति बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त की जा सकती है।
10. इस अनापत्ति प्रमाण पत्र से अभ्यर्थी द्वारा किए जा रहे अध्ययन के पाठ्यक्रम या विश्वविद्यालय की मान्यता या गैर–मान्यता के संबंध में इस विभाग की स्वीकृति नहीं मानी जायेगी।
11. उक्त शर्तो की अवहेलना करने या पाई जाने पर कार्मिक/कार्मिका के विरूद्व कार्मिक विभाग के परिपत्र कमांक प.9(5)(9)/कार्मिक/क–3/2001 दिनांक 16 मई 2002 के अनुसार वृहत शास्ति हेतु अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल मे लाई जायेगी।

Sd/–
**(विवेक कुमार)**
**विशेषाधिकारी (यू.आई.डी.) एवं**
**प्रभारी अधिकारी संस्थापन (अराजपत्रित)**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित हैः–

1. कार्यालय अध्यक्ष, कार्यालय राजस्थान राज्य प्रदूषण मंडल, जयपुर।
2. श्री दामोदर प्रसाद मीना, सूचना सहायक, कार्यालय राजस्थान राज्य प्रदूषण मंडल, जयपुर।
3. प्रभारी अधिकारी वेबसाइड, वेबसाइड पर अपलोड कराने हेतु।
4. संबंधित निजी पत्रावली/रक्षित पत्रावली।

विशेषाधिकारी (यू.आई.डी.) एवं
**प्रभारी अधिकारी संस्थापन (अराजपत्रित)**